AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# डिप्लोमा कोर्सों में सत्यापन के लिए कम संख्या में पहुंचे छात्र

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लविवि के डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश के लिए बुधवार को प्रमाण पत्रों का सत्यापन होना था। इसके लिए एक ही दिन दिया गया था, फिर भी काफी कम छात्र पहुंचे। ऐसे में अब 10 नवंबर को भी सत्यापन होगा। छात्र सुबह 10 बजे विभाग में मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों का सत्यापन करा सकते हैं।

लविवि में बुधवार को अभिलेखों का सत्यापन कराते छात्र। -संवाद

विश्वविद्यालय के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों पर लगा ग्रहण खत्म नहीं हो रहा है। विवि में पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, प्रोफिशिएंसी आदि में 27 कोर्स हैं। इस बार इनमें इतने कम आवेदन आए कि 13 पाठ्यक्रम ही 2022-23 के लिए चलाने का निर्णय लिया गया। इनमें डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा व प्रोफिएंसी इन अरेबिक, डिप्लोमा इन प्रोफिएंसी इन फ्रेंच, पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, प्रोफिसिएंसी इन तमिल व उर्दू, पीजी डिप्लोमा इन इंफॉर्मेशन एंड साइबर सिक्योरिटी, पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार, पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस, पीजी डिप्लोमा इन आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियोलॉजी और पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रीहैबिलिटेशन कोर्स हैं। इनमें प्रवेश से पहले मूल प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों व अभिलेखों का सत्यापन कराने के लिए बुधवार को काफी कम विद्यार्थी पहुंचे। उर्दू और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के लिए तो पांच छात्र ही आए। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बृहस्पतिवार को भी सत्यापन करा सकते हैं। इसके बाद ही छात्रों से फीस जमा कराकर प्रवेश दिया जाएगा और कक्षाएं शुरू होंगी।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र आज भी सुबह 10 बजे से करवा सकते हैं प्रमाण पत्रों का सत्यापन

## एमएड में च्वॉइस फिलिंग का मौका आज तक

**लखनऊ।** लविवि में पीजी प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमएड की काउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। मेरिट के अनुसार छात्रों को 10 नवंबर तक च्वॉइस फिलिंग का मौका दिया गया है। मेरिट लिस्ट लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर है। छात्र अपनी लॉगइन आईडी से पंजीकरण करा सकेंगे। इसका शुल्क 200 रुपये है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमएड की काउंसिलिंग में वही छात्र हिस्सा ले सकेंगे, जिनका नाम और रैंक पूर्ण मेरिट लिस्ट में है। पंजीकरण कराने के बाद छात्र च्वॉइस फिलिंग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि छात्र कई बार विकल्प बदल सकते हैं, लेकिन विकल्प लॉक करने के बाद बदलाव नहीं होगा। च्वॉइस फिलिंग के बाद सीट आवंटन होगा, जिसकी सूचना छात्रों के लॉगइन पर रहेगी।

**कल तक जमा करें एमबीए और एमटीटीएम की फीस :** लविवि के पीजी प्रवेश के तहत एमबीए और एमटीटीएम का तीसरी अलॉटमेंट व अप्रग्रेडेशन सूची जारी कर दी गई है। छात्र अपने लॉगइन पर इसे देख सकते हैं। आवंटित सीट को पक्का करने के लिए छात्रों को फीस जमा करने का मौका 11 नवंबर तक दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## मेधावी छात्र परिषद के पदाधिकारी सम्मानित

**लखनऊ।** लविवि के मेधावी छात्र परिषद का कार्यकाल पूरा होने पर बुधवार को कुलपति ने सभी 19 पदाधिकारियों को सम्मानित किया। परिषद का गठन जुलाई में किया गया था। कुलपति कार्यालय के मंथन हॉल में प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक कर नई परिषद को लेकर नीतियों पर चर्चा की। पदाधिकारियों ने अनुभवों को साझा किया। पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए गए। अवसर पर डीएसडब्लू प्रो. पूनम टंडन, डॉ. अमृतांशु शुक्ला, डॉ. अलका मिश्रा थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

# क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग में दूसरी बार लविवि की धमक

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** क्वाएक्वारली साइमंड्स (क्यूएस) यूनिवर्सिटी रैंकिंग फॉर एशिया वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2023 की विशिष्ट सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय ने फिर अपनी मौजूदगी दर्ज की है। गत वर्ष भी इसने जगह बनाई थी। विवि प्रशासन का दावा है कि एलयू इस सूची में जगह पाने वाला प्रदेश का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय बन गया है।

कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि सूची में 119 भारतीय विश्वविद्यालय हैं। इनमें आईआईटी और सार्वजनिक, निजी व केंद्रीय विवि भी हैं, जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2023 की रैंकिंग में जगह बना सके हैं। यह लविवि को अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाने, डिजिटल विवि एवं विश्वविद्यालय की एनईपी 2020 समेत अन्य संबंधित कार्य योजनाओं के लिए द्वार खोलेगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि ब्रिटेन की संस्था क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग दुनिया के सबसे लोकप्रिय विवि और शैक्षणिक संस्थानों को रैंक करने वाली अग्रणी एजेंसी है। इस वर्ष की एशिया रैंकिंग अब तक की सबसे बड़ी है जिसमें 760 विश्वविद्यालय शामिल हैं 2022 रैंकिंग में 687 विवि शामिल थे।

शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय और छात्र अनुपात, अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, प्रशस्ति पत्र प्रति पेपर, पेपर प्रति संकाय, पीएचडी वाले कर्मचारी, अंतरराष्ट्रीय संकाय, अंतरराष्ट्रीय छात्रों का अनुपात और आउटबाउंड एक्सचेंज छात्रों के अनुपात का इस्तेमाल कर हर साल चयन होता है।

### विशिष्ठ सूची में पिछले साल भी विश्वविद्यालय ने बनाई थी जगह

HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू भी यूनिवर्सिटी रैंकिंग एशिया में

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को क्यूस यूनिवर्सिटी रैंकिंग फॉर एशिया की सूची में शामिल किया गया है। एलयू लगातार दूसरे वर्ष इस सूची में जगह बनाने में कामयाब रहा। लखनऊ यूनिवर्सिटी को 651 से 700 रैंक वाली यूनिवर्सिटी की श्रेणी में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि क्यूस एशिया रैंकिंग में शामिल होने वाला वह इकलौता राज्य विश्वविद्यालय है।

विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डाटा पर आधारित क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग उच्च शिक्षा संस्थानों का सुव्यवस्थित मूल्यांकन करती है। इस वर्ष की एशिया रैंकिंग अब तक की सबसे बड़ी है जिसमें 760 विश्वविद्यालय शामिल थे। जबकि 2022 रैंकिंग में 687 विश्वविद्यालय शामिल थे। 2009 से सालाना प्रकाशित, क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 11 प्रमुख मानकों के मूल्यांकन पर रैंकिंग जारी की जाती है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इसमें देश के 20 विश्वविद्यालय समेत लगभग 119 उच्च शैक्षिक संस्थान शामिल हैं। कुलपति ने विश्वविद्यालय मे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और आने वाले समय में इसे और उच्च स्तर पर ले जाने का भरोसा दिया है।

### एमबीए -एमटीएम कोर्स का तीसरा सीट आवंटन

एलयू ने पीजी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एमबीए -एमटीएम कोर्स का तीसरा सीट आवंटन जारी कर दिया है। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी से सीट आवंटन देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 11 नवम्बर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा।

### एमएड काउंसलिंग का आज आखिरी दिन

एमएड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन कॉउंसलिंग में च्वाइस फिलिंग 10 नवम्बर तक चलेगी। छात्रों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार विश्वविद्यालय या कॉलेज भरने होंगे। सिर्फ वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जिनका नाम कम्प्लीट मेरिट सूची में हो।

## मेधावी छात्र परिषद के सदस्य सम्मानित हुए

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र परिषद का कार्यकाल पूरा होने पर कुलपति ने बुधवार को परिषद के सभी 19 पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कुलपति ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। मेधावी छात्र परिषद के सदस्यों के साथ बुधवार को बैठक में परिषद की सभी उपलब्धियों और नई परिषद के लिए आवश्यक नीतियों के बारे में चर्चा की।

## एलयू में छात्रों को तकनीकी जानकारी दी

**लखनऊ।** एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से बुधवार को फ्रंट एंड डेवलपमेंट पर आयोजित कोडिंग प्रतियोगिता में छात्रों को तकनीकी जानकारी दी गई। छात्रों के कोडिंग कौशल का परीक्षण करने एवं इंडस्ट्री में प्रयोग फ्रंट एंड डेवलपमेंट टूल्स की जानकारी दी। प्रतियोगिता में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

*i*-NEXT PAGE 4

## लखनऊ यूनिवर्सिटी में कोडिंग कंप्टीशन

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से बुधवार को फ्रंट एंड डेवलपमेंट विषय पर कोडिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के कोडिंग कौशल का परीक्षण करना एवं इंडस्ट्री में प्रयोग होने वाले फ्रंट एंड डेवलपमेंट टूल्स से छात्रों का परिचय कराना था. प्रतियोगिता में सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन छात्र समन्वयक आस्था सेठ, सिद्धार्थ मिश्रा, प्रियांशी राय, शिवम मिश्रा, अमन द्विवेदी, अखिलेश सिंह, निश्चय पटेल और कार्तिक गुप्ता ने किया.

JAGRAN CITY PAGE III

## हिमाचल जाएगी लविवि की महिला क्रिकेट टीम

**लखनऊ।** लविवि की महिला क्रिकेट टीम हिमाचल प्रदेश में 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीम पहली बार किसी प्रतियोगिता में शामिल होगी। बुधवार को ट्रायल में 30 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से 23 चुनी गईं। ये एलयू, केकेसी, नवयुग, एलपीसी, आईटी कॉलेज, क्रिश्चियन कॉलेज, विद्यांत समेत अन्य कॉलेज की छात्राएं हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि में कोडिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ।** लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने फ्रंट एंड डेवलपमेंट पर कोडिंग प्रतियोगिता करवाई। इसमें 100 छात्र शामिल हुए। संचालन छात्र समन्वयक आस्था सेठ, सिद्धार्थ मिश्रा, प्रियांशी राय, शिवम मिश्रा, अमन द्विवेदी ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

# मेधावी छात्र परिषद को मिला सम्मान

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी की मेधावी छात्र परिषद का बुधवार को कार्यकाल खत्म होने पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने परिषद में शामिल सभी 19 सदस्यों को सम्मानित किया और उन्हें प्रमाण-पत्र भी दिए। इस बीच छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कुछ महीनों के अपने कार्यकाल में परिषद ने कैंटीन की स्वच्छता, उचित भोजन की गुणवत्ता, उचित मेनू के अलावा पौधरोपण प्रशिक्षण शिविर कराए। परिषद ने लैंगिक समानता के लिए प्रतियोगिताएं कराईं। इस दौरान डॉ. अमृतान्शु शुक्ला और डॉ. अल्का मिश्रा के अलावा अन्य छात्र भी मौजूद रहे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि में सम्मानित हुए मेधावी छात्र परिषद के पदाधिकारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की मेधावी छात्र परिषद का कार्यकाल पूरा होने पर लविवि के कुलपति ने बुधवार को परिषद के सभी 19 पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। मेधावी छात्र परिषद के सदस्यों के साथ बुधवार को बैठक में परिषद की सभी उपलब्धियों और नई परिषद के लिए आवश्यक नीतियों के बारे में चर्चा की गयी। इस दौरान कुलपति ने पीजी करने वाले छात्रों को बधाई देने के साथ ही अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि कुछ महीनों के कार्यकाल में मेधावी छात्र परिषद ने काफी कुछ हासिल किया है।

JAGRAN CITY PAGE III

## मेधावी छात्र परिषद के पदाधिकारी सम्मानित

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र परिषद का कार्यकाल खत्म होने के बाद बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी 19 पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

मंथन हाल में कुलपति ने सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की, जिसमें परिषद की सभी उपलब्धियों एवं बनने वाली नई परिषद के लिए आवश्यक नीतियों के बारे में चर्चा की।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि नई परिषद की गठन प्रक्रिया जल्द शुरू हो जाएगी। कुछ महीनों के अपने कार्यकाल में मेधावी छात्र परिषद ने कैंटीन की स्वच्छता, उचित भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कैंटीन का सर्वेक्षण करना, एक उचित मेन्यू के साथ एक स्वस्थ मेन्यू सहित काफी काम किए। प्रमाणपत्र वितरण के मौके पर डा. अमृतांशु शुक्ला, डा. अल्का मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# एलयू महिला टीम शिमला में खेलेगी टूर्नामेंट

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** एलयू की महिला टीम पहली बार 23 नवंबर से पांच दिसंबर के बीच शिमला में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेगी। बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से हुए ट्रायल में एलयू परिसर और संबद्ध कॉलेजों से 30 छात्राओं ने भाग लिया है। जिसमें से 23 छात्राएं उपयुक्त पायी गईं। इसमें से 16 सदस्यीय टीम का अंतिम चयन जल्द होगा।

एलयू कुलपति प्रो. आलोक राय के मार्गदर्शन में क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार आर्य और एलयू एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार के सहयोग से यह संभव हुआ है। महिला क्रिकेट ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 11 नवम्बर को एलयू के क्रीड़ा परिषद के पवेलियन में दोपहर दो बजे उपस्थित होंगी।

**23** नवंबर से पांच दिसंबर के बीच होगा टूर्नामेंट

**16** सदस्यीय टीम का जल्द किया जाएगा चयन

**यह हैं खिलाड़ी**

केकेसी की रागिनी व सलोनी सोनी, आईटी कॉलेज की उन्नति मिश्रा व शिति भाटिया, एलसीसी की नीतू व कंचन, एलयू की सुमेधा गौतम, अंजलि वर्मा, रोली यादव, अंशिका खरवार, स्नेह प्रभा, आस्था चौरसिया, प्रकृति सिंह व नवयुग कन्या महाविद्यालय की खुशी यादव, सुप्रिया गोपाल, श्वेता शर्मा व शिवानी चौधरी, एलपीसी ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज की फरवा रिजवी, विद्यांत की शताक्षी अवस्थी, सुभाष चन्द्र कॉलेज की मीनू यादव के अलावा दिपाली गुप्ता व रिषिता का नाम शामिल है। इनमें से अंतिम 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो टूर्नामेंट में खेलने जाएंगी।

JAGRAN CITY PAGE III

## लविवि में हुई कोडिंग प्रतियोगिता

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से बुधवार को फ्रंट एंड डेवलपमेंट विषय पर कोडिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के कोडिंग कौशल का परीक्षण करना एवं इंडस्ट्री में प्रयोग होने वाले फ्रंट एंड डेवलपमेंट टूल्स से छात्रों का परिचय कराना था। प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन छात्र समन्वयक आस्था सेठ, सिद्धार्थ मिश्रा, प्रियांशी राय, शिवम मिश्रा, अमन द्विवेदी, अखिलेश सिंह, निश्चय पटेल और कार्तिक ने किया। (जासं)

*i*-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ी

# क्यूएस यूनिवर्सिटीज रैंकिंग में फिर शामिल

**LUCKNOW (9 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग फार एशिया-2023 की जारी सूची में अपनी जगह बनाई है. यह प्रतिष्ठित और विशिष्ट सूची में स्थान पाने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय है. रैंकिंग सूची में एलयू को 65-700 के बैंड में स्थान मिला है. यह उपलब्धि उसे लगातार दूसरे वर्ष मिली है.**

*i* GOOD NEWS

यह विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा के आधार पर मूल्यांकन करती है

**760** यूनिवर्सिटीज शामिल हैं इस रैंकिंग में

**687** यूनिवर्सिटीज शामिल थी 2022 तक

### दुनिया की अग्रणीय एजेंसी

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि क्यूएस क्वाक्वरेली सायमंड्स वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र और दुनिया के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग करने वाली दुनिया की अग्रणीय एजेंसी है. यह विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा के आधार पर मूल्यांकन करती है.

### 119 इंडियन यूनिवर्सिटीज

उन्होंने बताया कि 2023 की रैंकिंग में 119 भारतीय विश्वविद्यालय ही शामिल हैं, जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2023 की रैंकिंग सूची में स्थान पा सके हैं. इसमें देश भर से केवल 20 विश्वविद्यालयों को ही स्थान मिला है. वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर सभी शिक्षकों और कर्मचारियों संग स्टूडेंट्स ने खुशी जाहिर की है.

### ये हैं मूल्यांकन के मानक

इस वर्ष की एशिया रैंकिंग अब तक की सबसे बड़ी है. इसमें 760 विश्वविद्यालय शामिल हैं. वहीं, 2022 रैंकिंग में यह संख्या 687 थी. क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 11 संकेतकों का उपयोग कर एशिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों का चयन किया गया. इसमें शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय, छात्र अनुपात, अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क सहित कई चीजें देखी गईं

### वीसी ने की सराहना

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय को शीर्ष रैंकिंग वाले वैश्विक उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थान देने और इसकी दृश्यता बढ़ाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों के प्रयास की सराहना की.

# डॉक्यूमेंट्स चेक कराने का आज भी है चांस

### पहले दिन डॉक्यूमेंट्स चेक कराने के लिए कम पहुंचे स्टूडेंट्स

**LUCKNOW (9 NOV):** लखनऊ विश्वविद्यालय में डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया बुधवार को हुई. 14 डिप्लोमा कोर्सों में कई ऐसे हैं, जिनमें निर्धारित सीट से कम अभ्यर्थी ही सत्यापन के लिए पहुंचे. हालांकि विश्वविद्यालय ने छूटे हुए अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए गुरुवार को भी समय दिया है. विभाग इन अभ्यर्थियों की पात्रता व अभिलेख जांचने के बाद सूची प्रवेश सेल को भेजेंगे, जिसके बाद फीस जमा के लिए पोर्टल खोला जाएगा.

### 14 डिप्लोमा कोर्स हैं

एलयू में 14 डिप्लोमा कोर्सों में सुबह 10 बजे अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हुई. सीटों से कम आवेदन होने की वजह से सभी को सत्यापन के लिए बुलाया गया था. डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा अरेबिक, प्रोफिशिएंसी रेगुलर कोर्स में पांच अभ्यर्थी ही सत्यापन के लिए अरेबिक विभाग पहुंचे. समाज कार्य विभाग में संचालित पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन में 30 सीटों के सापेक्ष सभी अभ्यर्थियों ने पहुंचकर अभिलेख सत्यापन कराया. इसी तरह पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 27 के सापेक्ष पांच, पीजी डिप्लोमा इन योग में 40 सीटों के सापेक्ष 38 और पीजी डिप्लोमा आर्कियोलाजी एंड म्यूजियोलाजी के लिए सिर्फ एक अभ्यर्थी ने उपस्थिति दर्ज कराई.

## विकल्प भरने का मौका आज

### लखनऊ विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी है

**LUCKNOW (9 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एमएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी है. काउंसिलिंग प्रक्रिया गुरुवार तक चलेगी. इस कोर्स की पूर्ण मेरिट सूची में जिन अभ्यर्थियों का नाम शामिल हैं. उन्हें पूर्व में दिए गए लाइन आइडी का प्रयोग कर सर्व प्रथम पंजीकरण करना होगा. केवल पंजीकरण अभ्यर्थी ही विकल्प भर सकेंगे.**

### कई विकल्प दिए गए

एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर अनित्य गौरव ने बताया कि एलयू एवं 15 से ज्यादा एमएड कालेजों में प्रवेश का विकल्प दिया गया है. प्राथमिकता के आधार पर उसे भरें. पंजीकरण शुल्क 200 रुपये ऑनलाइन जमा करना होगा. पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी अपने विकल्प जितनी बार चाहे बदल सकते हैं, लेकिन इसे लाक करने के बाद कोई बदलाव नही होगा. विकल्प भरने के बाद सीट आवंटन किया जाएगा.

### ●एमबीए, एमटीटीएम का तीसरा आवंटन जारी

एलयू ने एमबीए व मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीसरा सीट आवंटन बुधवार को जारी कर दिया. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार तीसरा सीट आवंटन एवं अपग्रेडेशन में जिन्हें सीट आवंटित हो गई है, वह 11 नवंबर तक फीस जमा कर सकते हैं.

# अभिलेख सत्यापन के लिए कम पहुंचे अभ्यर्थी

## लखनऊ विश्वविद्यालय में छूटे अभ्यर्थियों को आज फिर अवसर

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया बुधवार को हुई। 14 डिप्लोमा कोर्सों में कई ऐसे हैं, जिनमें निर्धारित सीट से कम अभ्यर्थी ही सत्यापन के लिए पहुंचे। हालांकि विश्वविद्यालय ने छूटे हुए अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए गुरुवार को भी समय दिया है। विभाग इन अभ्यर्थियों की पात्रता व अभिलेख जांचने के बाद सूची प्रवेश सेल को भेजेंगे, जिसके बाद फीस जमा के लिए पोर्टल खोला जाएगा।

लवि में 14 डिप्लोमा कोर्सों में सुबह 10 बजे अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हुई। सीटों से कम आवेदन होने की वजह से सभी को सत्यापन के लिए बुलाया गया था। डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा अरेबिक, प्रोफिशिएंसी रेगुलर कोर्स में पांच अभ्यर्थी ही सत्यापन के लिए अरेबिक विभाग पहुंचे। समाज कार्य विभाग में संचालित पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन में 30 सीटों के सापेक्ष सभी अभ्यर्थियों ने पहुंचकर अभिलेख सत्यापन कराया। इसी तरह पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 27 के सापेक्ष पांच, पीजी डिप्लोमा इन योग में 40 सीटों के सापेक्ष 38 और पीजी डिप्लोमा आर्कियोलाजी एंड म्यूजियोलाजी के लिए सिर्फ एक अभ्यर्थी ने उपस्थिति दर्ज कराई। मनोविज्ञान विभाग में डिप्लोमा गर्भ संस्कार में पहले दिन ज्यादातर अभ्यर्थियों के बाहर होने की वजह से अभिलेख सत्यापन नहीं हो सके। अब इनके सत्यापन की प्रक्रिया आनलाइन कराने की तैयारी है। इसके अलावा अन्य डिप्लोमा कोर्स में भी अभ्यर्थी पहुंचे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के अरेबिक विभाग में बुधवार को डिप्लोमा कोर्सों में अभिलेख सत्यापन कराते अभ्यर्थी ● सौजन्य : स्वयं

### फिर मिली क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जगह

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग फार एशिया-2023 की जारी सूची में अपनी जगह बनाई है। यह प्रतिष्ठित और विशिष्ट सूची में स्थान पाने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय है। रैंकिंग सूची में लवि को 65-700 के बैंड में स्थान मिला है। यह उपलब्धि उसे लगातार दूसरे वर्ष मिली है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि क्यूएस क्वाक्वरेली सायमंड्स वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र और दुनिया के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग करने वाली दुनिया की अग्रणी एजेंसी है। यह विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के तुलनात्मक डेटा के आधार पर मूल्यांकन करती है। उन्होंने बताया कि 2023 की रैंकिंग में 119 भारतीय विश्वविद्यालय ही शामिल हैं, जो एशियाई विश्वविद्यालय रैंकिंग 2023 की रैंकिंग सूची में स्थान पा सके हैं। इसमें देश भर से केवल 20 विश्वविद्यालयों को ही स्थान मिला है।

### ये हैं मूल्यांकन के मानक

इस वर्ष की एशिया रैंकिंग अब तक की सबसे बड़ी है। इसमें 760 विश्वविद्यालय शामिल हैं। वहीं, 2022 रैंकिंग में यह संख्या 687 थी। क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 11 संकेतकों का उपयोग कर एशिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों का चयन किया गया। इसमें शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय, छात्र अनुपात, अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क सहित कई चीजें देखी गईं। लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय को शीर्ष रैंकिंग वाले वैश्विक उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थान देने और इसकी दृश्यता बढ़ाने के लिए छात्रों, शिक्षकों व हितधारकों के प्रयास की सराहना की।

### एमएड में विकल्प भरने का मौका सिर्फ आज

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एमएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी है। काउंसिलिंग प्रक्रिया गुरुवार तक चलेगी। इस कोर्स की पूर्ण मेरिट सूची में जिन अभ्यर्थियों का नाम शामिल हैं। उन्हें पूर्व में दिए गए लाइन आइडी का प्रयोग कर सर्व प्रथम पंजीकरण करना होगा। केवल पंजीकरण अभ्यर्थी ही विकल्प भर सकेंगे। एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर अनित्य गौरव ने बताया कि लवि एवं 15 से ज्यादा एमएड कालेजों में प्रवेश का विकल्प दिया गया है। प्राथमिकता के आधार पर उसे भरें। पंजीकरण शुल्क 200 रुपये आनलाइन जमा करना होगा। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी अपने विकल्प जितनी बार चाहे बदल सकते हैं, लेकिन इसे लाक करने के बाद कोई बदलाव नहीं होगा। विकल्प भरने के बाद सीट आवंटन किया जाएगा।

### एमबीए, एमटीटीएम का तीसरा आवंटन जारी

लवि ने एमबीए व मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीसरा सीट आवंटन बुधवार को जारी कर दिया। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार तीसरा सीट आवंटन एवं अपग्रेडेशन में जिन्हें सीट आवंटित हो गई है, वह 11 नवंबर तक फीस जमा कर सकते हैं।

## कुकरैल आरक्षित वन क्षेत्र और आस-पास बढ़ा प्रदूषण

अंबिका सक्सेना ● लखनऊ

शहर में बढ़ रहे जहरों से निकलने वाला धुआं, राख, उसके पेट से लेकर फुंड-करकट का निस्तारण सही तरह से न होने के कारण बढ़ते प्रदूषण से अब आरक्षित वन क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा। अब इसकी चपेट में कुकरैल रिजर्व फारेस्ट एवं उसके आसपास की आबादी वाले क्षेत्र भी आ गए हैं, जिसमें इन जगहों पर रहने वालों के लिए बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के भू-विज्ञान विभाग के प्रो. अजय कुमार आर्य के निर्देशन में वहां की मिट्टी और सड़क की धूल (रोड डस्ट) पर हुए शोध में यह बात सामने आई है। यह रिसर्च पेपर बीते 25 अक्टूबर को तेहरान विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र पाल्युशन में प्रकाशित हुआ है, जो कि स्कोपस इंडेक्स जर्नल है।

प्रो. अजय कुमार आर्य काफी समय से प्रदूषण पर काम कर रहे हैं। उनके निर्देशन में शोधार्थी नीरी अनीश और अरुण कुमार ने कुकरैल रिजर्व (आरक्षित वन क्षेत्र) एवं उसके आसपास के आबादी वाले क्षेत्र की इंदिरा नगर, सुभाष नगर, विकासिक स्पाट रोड आदि क्षेत्र में मिट्टी, रोड डस्ट में हैवी मेटल का अध्ययन किया। शोध के लिए 20 से अधिक मिट्टी और धूल के कण (रोड डस्ट) के नमूने लिए गए थे। इसकी जांच मैग्नेटिक कण ब्रिज उपकरण और वाटिया इंस्टीट्यूट आफ हिमालयन ज